तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जून 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



13 ब्लॉक स्तरीय समाज गौरव सम्मान से कलाकार,...





14 पौंसरी में विभिन्न विकास कार्यों का ...





CAN'T HIDE
THAT'S PRIDE


शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार

के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम

प्रवेश प्रारम्भ

निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी

प्रवेश हेतु संपर्क करें- 91111002360,9111002362,6268089459




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793,9340311314
9303893829,9300850065

अंतिम तिथि-15/06/26

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

मास्टर कूपन 13 जून 2026

कूपन नं. 2


# सीएम हेल्पलाइन से लोगों की समस्याओं का निराकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मेकरी के जय पटेल को मिला जन्म प्रमाण पत्र, छेरकापुर के किसान मोहित कुमार का सम्मान निधि का सत्यापन पूरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण के साथ ही जनभागीदारी को सशक्त बनने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1076 शुरू की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण जिले में प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का सम्बंधित विभाग द्वारा समय पर निराकरण कर आवेदक को फ़ोन पर सूचित भी किया जा रहा है।

सरकार की इस त्वरित कार्यप्रणाली से अभिभूत होकर धनेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह टोलफ्री नंबर सेवा वास्तव में आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे दफ्तरों के चक्कर काटे बिना घर बैठे ही समस्याओं का सीधा और त्वरित समाधान मिल रहा है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से लंबित मामलों के तेजी से निपटारे से नागरिकों ▶▶ शेष पेज 13 पर

## सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मिल रही नई मजबूती

### ग्रामीण का बना जन्म प्रमाण पत्र

धनेंद्र के बच्चे जय पटेल का जन्म 21 अप्रैल 2025 को उप स्वास्थ्य केंद्र केसला में हुआ था, जिसके बाद वे लगभग एक साल से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या को सीएम हेल्पलाइन 1076 पर दर्ज कराया। शिकायत मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई की गई और विभाग ने तत्काल प्रक्रिया पूरी करते हुए नन्हे जय पटेल का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर उनके परिजनों को सौंप दिया। लंबे समय से लंबित इस कार्य के चुटकियों में हल हो जाने पर धनेंद्र पटेल और उनके परिवार ने गहरी राहत की सांस ली है।



### किसान सम्मान निधि का भी हुआ निराकरण

इस हेल्पलाइन की मदद से जिले के ग्राम मेकरी निवासी धनेंद्र कुमार के बच्चे का सालभर से अटका जन्म प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में बनकर तैयार हो गया। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के ग्राम छेरकापुर के किसान मोहित कुमार कन्नौजे का पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ हेतु भौतिक सत्यापन कर सक्रिय कर दिया गया है। दोनों ही आवेदकों को निराकरण की सूचना दी गई और आवेदक पूर्णतः संतुष्ट है।

### 3 करोड़ 35 लाख के कार्य का भूमिपूजन और 12.32 लाख के रैन बसेरा का लोकार्पण

# राजस्व मंत्री ने बलौदाबाजार को दी साढ़े तीन करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज जिला प्रवास के दौरान नगर पालिका क्षेत्र बलौदाबाजार में लगभग साढ़े 3 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने वार्ड क्रमांक 16 में 56.86 लाख रुपए की लागत से 12 नग राहत शिविर निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक 17 में 61.44 लाख की लागत से मुक्तिधाम उन्नयन कार्य,वार्ड क्रमांक 12 में 60.25 लाख की लागत से 10 नग राहत शिविर निर्माण,अधिसंरचना एवं पर्यावरण निधि से स्वीकृत 1करोड़ 17 लाख रुपए के 10 कार्य एवं विभिन्न वार्डों - 40.72 लाख की लागत से पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही दिव्यांगजन हेतु 12.32 लाख की लागत से बस स्टैंड के पास निर्मित रैन बसेरा का लोकार्पण किया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

गांव हो या शहर विकास में कहीं कोई दिक्क़त नहीं है. डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास के पथ पर दौड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है. युवा,महिला,किसान,बुजुर्ग सभी के लिये योजनाएं लागू है जिसका फायदा लेकर लोग खुश हैं।



### डबरी मेड पर लगाया पौधा

राजस्व मंत्री ने भूमिपूजन के पश्चात पास में स्थित डबरी के मेड पर आंवला का पेड़ लगाया एवं जनपद कार्यलय परिसर में नीम पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का सन्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े,प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# मिलावटी शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई 2 आरोपी जेल दाखिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संडी में मिलावटी शराब विक्रय के मामले में आबकारी विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 10 जून को आबकारी विभाग की संयुक्त दल द्वारा आरोपी मदिरा दुकान मुड़पार संडी के सुपरवाईजर मुरली टंडन पिता इंदौरी थाना पिपरिया जिला कबीरधाम एवं एक अन्य व्यक्ति नेतराम डहरिया के रिहायशी मकान से 360 पौवा देशी मदिरा मसाला, खाली शीशी, ढक्कन जब्त किया था। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 36,000 होना पाया गया।आरोपी मुरली टंडन पिता इंदौरी थाना पिपरिया जिला कबीरधाम एवं एक अन्य व्यक्ति नेतराम डहरिया के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) 36, के अंतर्गत गैर जमानती प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया है। मदिरा दुकान के सुपरवाईजर मुरली टंडन को ब्लैक लिस्ट करने हेतु प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जंगल से भटका हिरण को कुत्तों के झुंड से बचाया



**पलारी**। शुक्रवार 12 जून सुबह 7 बजे धमनी के जंगल से भटके हिरण का कुत्तों के झुंड ने पीछा किया। हिरण कुत्तों के झुंड से बचने तालाब में छलांग लगाई। पश्चात पास के ही नगर पंचायत रोहांसी के जोराडबरी वार्ड 15 निवासी विष्णु दास मानिकपुरी के घर की बाड़ी में घुस गया। इसकी जानकारी होते ही सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक युवा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद अजय ध्रुव, टामन ध्रुव, अंकित साहू एवं प्रकाश ध्रुव आदि द्वारा हिरण को सुरक्षित जंगल छोड़ने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने अनुरोध किया है कि हिरण के पास भीड़ न लगाएं तथा उसे डराने या पकड़ने का प्रयास न करें जिससे वे डरे नही वन्यजीव की सुरक्षा में हम सभी की जिम्मेदारी है। संबंधित विभाग को सूचना देकर हिरण को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**बलौदाबाजार**। जिले में 21 जून को योगा फॉर एजिंग थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही 14 जून को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिसमें अधिकतम लोगों की सहभागिता के लिए पंजीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय द्वारा 'योग संगम पोर्टल-2026' प्रारंभ किया गया है। इसके माध्यम से विभिन्न संस्थाएं, विभाग, शैक्षणिक ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सरकारी जमीन पर सरपंच पति ने कब्जा कर बनाया मकान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर से की शिकायत

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भदरा में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध भवन निर्माण करने का मामला सामने आया है। जहां कब्जा करने वाला कोई और नही गांव के सरपंच पति का है जो कि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दबंगई से एक नहीं तीन-तीन भूमि पर कब्जा किया हुआ है। अब गांव के प्रमुख ही शासन के नियमों को अनदेखा कर इस तरह के कार्यों में लिप्त है, तो बाकियों का क्या कहे। वहीं सरपंच पति के दबंगई से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर के जन दर्शन में इसकी शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भदरा में सरपंच पति रामफल कश्यप जो कि ग्राम पटेल भी है के द्वारा खसरा नं 2/1 रकबा 126.197 हे शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का मकान बनाया गया है। खसरा नं 697 रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि फुलसिंग के नाम पर है जिसमे 0.005 हे. ▶▶ शेष पेज 13 पर

### मारपीट करने की धमकी का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करने पर उनके साथ धमकाने, गाली-गलौज करने व मारपीट करने की धमकी दी जाती है। आवेदकों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई बार गलत केस में अंदर करवाने की भी धमकी दी जा चुकी है।

### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से जन दर्शन में शिकायत की गई थी जिस पर पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार कर तहसीलदार को सौप दिया गया है। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नही होने पर गुरुवार को अनुविभागिय अधिकारी कसडोल को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की गई जिसमें निष्पक्ष जांच कर अतिक्रमण हटाने व सरपंच पर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

# हीरातारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**पलारी** । नगर पंचायत नगर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने हीरातारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में श्री सिद्धेश्वर कैंटीन, पलारी में शाम 5 बजे से होगा।

समारोह में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा का सम्मान करना है। सम्मान समारोह में सुरेन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष, कृषक कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़, विद्याभूषण शुक्ला पूर्व अध्यक्ष, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़, हितेंद्र ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

# प्लांट में ड्राइवर की मौत पर उठ रहे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- परिजनों और ड्राइवर यूनियन में आक्रोश, चक्काजाम की चेतावनी

बीते दिनों जिले के ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र में एक ट्रक ड्राइवर की संदिग्ध मौत के बाद भारी बवाल मच गया है। ड्राइवर की मौत की वजह शराब का सेवन बताया जा रहा है और यही वजह प्रबंधन के लिए गले की फांस बन गई है। सवाल उठ रहा है कि जो ड्राइवर दो दिन से सीमेंट लोड करने के लिए प्लांट के अंदर था, उस हाई-सिक्योरिटी वाले प्लांट में आखिर शराब पहुंची कैसे? परिजनों और ड्राइवर यूनियन में भारी आक्रोश है। आरोप है कि प्रबंधन ने बिना परिजनों को सूचना दिए मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की है। मुआवजे की मांग को लेकर अड़े परिजनों ने अब प्लांट के मेन गेट पर उग्र धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।



मृतक कसडोल क्षेत्र के गिरौदपुरी चौकी के अंतर्गत आने वाले अमोदी गांव का है। मृतक ट्रक ड्राइवर संतोष ▶▶ शेष पेज 13 पर

### कार्रवाई होगी

उक्त घटना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा की कार्यवाही की गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बात जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

-कौशल किशोर वासनिक
एसडीओपी कसडोल

### बाल श्रम और भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों के पुनर्वास के लिए विशेष अभियान

# सड़कों से सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ेंगे बच्चे, विशेष अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- बाल सक्षम नीति के तहत जिले में चला सघन रेस्क्यू अभियान

राज्य शासन द्वारा सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में बाल सक्षम नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 1 से 30 जून तक विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 9 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम तथा अपशिष्ट संग्रहण में लगे बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू, पुनर्वास और मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देश के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन और जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार एवं शुक्रवार को सिमगा विकासखंड के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान होटल, ढाबों और मिलों के संचालकों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बाल श्रम नहीं कराने की सख्त हिदायत भी दी गई।जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने बताया कि रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां उनकी परिस्थितियों के अनुसार संस्थागत देखभाल, परिवार या रिश्तेदारों के साथ पुनर्स्थापन और अन्य पुनर्वास संबंधी निर्णय लिए जाएंगे। प्रत्येक बच्चे की सामाजिक जांच रिपोर्ट और व्यक्तिगत बाल देखरेख योजना तैयार कर उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सतत संरक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।



# डेढ़ साल से नहीं हुई नियमितीकरण प्राधिकार की बैठक, 2600 प्रकरण लंबित, राजीनामा ही ऑप्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में 14 जुलाई 2022 तक किए गए अनाधिकृत (बिना अनुमति) के निर्माण को वैध कराने के लिए नियमितीकरण प्राधिकार समिति का गठन हुआ था। बताया जा रहा है कि इस समिति के समक्ष लगभग 18 हजार प्रकरण आए थे, जिनमें से लगभग 16400 प्रकरणों का निपटारा हो चुका है। इन सभी प्रकरणों के निराकरण के साथ अवैध निर्माण अब वैध हो चुके हैं।

हालांकि 2600 प्रकरण अभी भी समिति के समक्ष लंबित हैं। पिछले डेढ़ वर्ष से बैठक नहीं होने के कारण इन प्रकरणों का निपटारा नहीं हो पाया है। तत्कालीन कांग्रेस के शासन काल में नियमितीकरण प्राधिकार समिति गठित हुई थी। इस समिति के पास नियमितीकरण के लिए 18 हजार प्रकरण पर आए थे। इनमें से 7 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण समिति बनने के बाद पहले वर्ष में कर दिया गया था। इस वर्ष में हर हफ्ते कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति की बैठक होती थी। इसके बाद शेष 11 हजार प्रकरणों में लगभग 8500 हजार प्रकरणों का निराकरण 6 वर्षों में किए गए।

इस तरह अक्टूबर 2024 तक नियमितीकरण के प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभागीय सूत्र के अनुसार आखरी बैठक अक्टूबर 2024 में कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें 256 प्रकरण निराकृत किए गए थे। इसके बाद से समिति की बैठक नहीं हो पाई है।

### राजीनामा का ऑप्शन खुला हुआ

अनाधिकृत निर्माण को वैध कराने के लिए राजीनामा का ऑप्शन खुला हुआ है। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए ऑप्शन भी खोलकर रखा है, ताकि अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करना नहीं पड़े और लोग आवेदन कर आसानी से राजीनामा के जरिए नियमानुसार राशि का भुगतान कर मकान, दुकान सहित अन्य अवैध निर्माण को वैध करा सकें।




### नियम के तहत शेष प्रकरणों का करेंगे निराकरण

नियमितिकरण के लंबित प्रकरणों का नियम के तहत जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा।
- डा. गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार जैन को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं रायपुर प्रेस क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष शेषकरण जैन को प्रेस क्लब रायपुर द्वारा आयोजित पत्रकारिता गौरव मार्तण्ड उत्सव कार्यक्रम में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदान कर समानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा समेत वरिष्ठ पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित थे। उपरोक्त सम्मान शेषकरणजी के अनुपस्थिति में उनकी पोती काजल जैन ने ग्रहण किया।

### कंक्रीट और ट्री गार्ड के घेरे को हटाने अभियान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा ऐसे सभी पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित होने देने और पानी प्राप्त करने उसके चारों ओर से कंक्रीट और ट्री गार्ड के घेरे को हटाने अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल रमेन डेका द्वारा इस संबंध में व्यक्त की गयी चिंता पर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन क्षेत्र के सभी वार्डों में चारों ओर से कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड जल्द हटाने निर्देशित किया है।

### सुहेला में कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से तौला

# जन्मदिन पर मंत्री टंकराम ने दिया जनसेवा, विकास और जनसंवाद का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा का जन्मदिन गुरुवार को सुहेला अंचल में जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने आतिशबाजी कर तथा लड्डुओं से तौलकर उनका स्वागत किया। दिनभर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्री वर्मा ने जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्रीय विकास से जुड़े कार्यों में भाग लेते हुए आमजनों से आत्मीय संवाद भी किया।

जन्मदिन पर मंत्री वर्मा सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए उन्हें फल भेंट किए तथा शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। अस्पताल परिसर में उन्होंने मां के नाम एक पेड़ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए।



इसके पश्चात मंत्री वर्मा मंगल भवन पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने एक बार लड्डुओं से तौलकर उनका अभिनंदन किया। समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सुहेला अंचल में स्टेडियम, महाविद्यालय, समरसता भवन महतारी सदन सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर धरातल पर उतारा गया है। करोड़ो रुपये की लागत से क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आगामी पांच वर्षों का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है और चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मंत्री वर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक सुविधाओं को भी आमजन के करीब पहुंचाना है। उन्होंने घोषणा की कि तहसील कार्यालय में शीघ्र ही नकल एवं रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था की जाएगी, जिससे नागरिकों को दस्तावेजों के लिए भटकना न पड़े। साथ ही समीक्षा के बाद सप्ताह में एक दिन अथवा आवश्यकतानुसार अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के कैंप अथवा कार्यालय संचालन की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़े।दिनभर चले कार्यक्रमों के दौरान मंत्री वर्मा ने कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

जन्मदिन का यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर जनसेवा, विकास और सामाजिक सरोकारों का संदेश देने वाला कार्यक्रम बन गया। इस अवसर पर आनंद यादव जिला अध्यक्ष दौलत पाल जनपद अध्यक्ष युगल किशोर वर्मा, करण वर्मा, गिरीजा शंकर वर्मा, सुहेला सोसायटी अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सुहेला के सरपंच मोगरा देवा, उपसरपंच देवा धृत लहरे मानेशवरी साहु सविता वर्मा दिनेश चवरे मनीष वर्मा अतुल शेटे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार सामल कुमार, पटवारी कोमलचंद कोशले पुरेना नूतन चंद्रपाल नरेन्द्र उमेश ध्रुव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक सत्र की तैयारी, पचरी संकुल में प्राचार्यों की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नवीन शैक्षणिक सत्र के सफल संचालन एवं विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संकुल केंद्र पचरी के प्राचार्य अशोक कुमार कोशले द्वारा प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाला प्रवेश उत्सव को निर्धारित समयावधि में उत्साहपूर्वक मनाने, कक्षा एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग कर विद्यार्थियों को समय पर वितरण करने, वीएसके ऐप पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने तथा यू-डाइस में विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का संचालन विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस से ही नियमित रूप से करने, अध्यापन कार्य पहले दिन से प्रारंभ करने, सभी विद्यार्थियों की होमवर्क कॉपियाँ तैयार कराने एवं विषय शिक्षकों द्वारा नियमित जांच सुनिश्चित करने, किचन की स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था बनाए रखने, नेवता भोज कार्यक्रम का नियमित संचालन करने, एफएलएन के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने, प्रत्येक शिक्षक द्वारा दैनिक डायरी संधारित करने तथा प्रत्येक कक्षा का विद्यार्थी सूचकांक तैयार करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संकुल समन्वयक कांत कुमार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए सौर ऊर्जा के लाभों पर प्रकाश डाला तथा सभी शिक्षकों से अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की अपील की। बैठक में भरत लाल धुरंधर, सरिता वर्मा, दिनेश कुमार साहू, गिरवर प्रसाद सोनी, गणेश राम देवांगन, मनीराम वर्मा, युगल किशोर वर्मा, हेमलाल नेताम, नरेंद्र कुमार साहू तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

# व्यायाम शिक्षकों की उपेक्षा के खिलाफ संघ ने खोला मोर्चा सचिव को सौंपा ज्ञापन

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश सिंह ने प्रदेश के व्यायाम शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं, पदोन्नति में विसंगतियों और नई शिक्षा नीति के तहत शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांगों की। संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपते हुए भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2025 की विसंगतियों एवं व्यायाम शिक्षकों की विभिन्न मांगों की ओर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रीतेश सिंह और महासचिव मृत्युंजय शर्मा ने संयुक्त रूप से संघ द्वारा उठाए गए मुख्य मुद्दे और मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराया। इसमें राजपत्र की विसंगतियों को दूर करने और नई भर्ती प्रक्रिया बहाल करने की मांग संघ ने की। और गंभीर त्रुटियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। भर्ती प्रक्रिया विलोपितः नए संशोधन में व्यायाम शिक्षकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया को ही विलोपित कर दिया गया है, जिससे यह पद पूरी तरह 'शून्य' होने की कगार पर पहुंच गया है। संघ ने मांग की है कि कुल पदों में 80% सीधी भर्ती तथा 20 प्रतिशत विभागीय पदोन्नति का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। न्यूनतम अर्हताः सहायक शिक्षक से पदोन्नति एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु न्यूनतम योग्यता बी.पी.एड. डिग्री अनिवार्य की जाए। विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी के नए पद सृजित किए जाएं तथा सहायक संचालक क्रीड़ा के पदों का राजपत्र में स्पष्ट उल्लेख हो। वर्ष 2015 में आदिम जाति विकास विभाग के विद्यालयों का विलय स्कूल शिक्षा विभाग में किए जाने के बाद से 'टी-संवर्ग' के व्यायाम शिक्षक पदोन्नति के अवसरों से वंचित हैं। प्रदेश के 22 क्रीड़ा परिसरों में कोच के रिक्त पड़े 22 पदों पर इन योग्य व्यायाम शिक्षकों को तत्काल पदोन्नत कर पदस्थ किया जाए।





# गोल्डम होम्स कालोनी में चोरी खरीदार सहित तीन गिरफ्तार



- खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की थी चोरी



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व गोल्डन होम्स कालोनी में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के घर के सामने मकान से लाखों रुपए कैश के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चोरी के जेवर खरीदने वाले सहित तीन शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश पूर्व में चोरी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में जेल जा चुके हैं। चोरी की घटना तीन-चार जून की दरमियानी रात हुई थी। भरत छापडिया के निवास में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने डी. रवि राव उर्फ डी. बच्चन (29), उसके चचेरे भाई डी इग्नेश राव (19) और चोरी के जेवर खरीदने तथा बिक्री करने में मदद करने के आरोप में अशोक मानिकपुरी (53) को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर, नकदी, चोरी के पैसों से खरीदा गया मोबाइल फोन, कूलर और वारदात में इस्तेमाल बाइक समेत करीब 6.28 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

# नगर निगम आयुक्त ने बड़े बकायादारों को नोटिस देकर बकाया राशि वसूली के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरुवार को गांधी सदन के सामान्य सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को शहर के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए नोटिस जारी कर संपूर्ण बकाया राजस्व नियमानुसार वसूलने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने सभी 10 जोन को मिलाकर प्रतिदिन एक करोड़ रुपये का राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित कर इसका निगम हित में कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। श्री मिश्रा ने 30 जून तक संपत्ति कर की पूरी राशि भुगतान किए जाने पर संबंधित करदाताओं को नियम अनुसार 6.25 फीसदी की संपत्ति कर में छूट का लाभ प्रदान करने निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में अवैध नल कनेक्शनधारकों को जल विभाग और राजस्व विभाग के माध्यम से सूचना देकर 15 दिनों की समय अवधि में अवैध नल को नियमित करवाने संबंधी दिशा निर्देश दिए।

### महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में साप्ताहिक टीएल बैठक



### बैठक में ये रहे उपस्थित

आयुक्त ने जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंन्द्र को किसी एक वार्ड या स्थान मोहल्ला चिंहित कर वहां निगम के घरेलू नल कनेक्शनों में मीटर रीडिंग कार्य करवाते हुए उनकी सेम्पल रेंडम रिपोर्ट देने निर्देशित किया है,ताकि इसकी समीक्षा कर शेष वार्डों में घरेलू नल कनेक्शनों में मीटर रीडिंग करने के कार्य का प्रस्ताव नीतिगत निर्णय के लिए तैयार किया जा सके। बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, प्रदीप यादव सहित दस जोन के जोन कमिश्नर, उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंताओं की उपस्थिति रही।

# रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के साथ सार्थक संवाद, बताई समस्याएं, दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- कैट की छत्तीसगढ़ इकाई का व्यापारी संवाद अभियान

कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने गुरुवार को व्यापारी संवाद अभियान की कड़ी में रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने चर्चा के दौरान समस्याएं बताई, इसके साथ ही कुछ सुझाव भी दिए। संवाद के दौरान व्यापारिक वातावरण्या, बाजार की वर्तमान परिस्थितियां, कराधान संबंधी विषय पर खुलकर विचार रखे। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों के साथ विस्तार से चर्चा में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल व्यापारियों की समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनके बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना है। रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पटेल ने कैट छत्तीसगढ़ की नवगठित टीम का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कैट व्यापारी संवाद अभियान की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनने की यह पहल स्वागतयोग्य है। व्यापारी संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोषी, परमानंद जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, नागेंद्र तिवारी, बी एस परिहार, बी के सिंह, दिनेश पटेल, विजय पटेल, ए.के त्रिपाठी, दीपक गिदवानी, महेश पटेल, जयेश पटेल, किलोल पटेल, भगवान दास पटेल, सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# आकाशीय बिजली से रेलवे की ओएचई लाइनें नहीं होंगी ट्रिप, लगेंगे डिस्कनेक्टर असेंबली वाले लाइटनिंग अरेस्टर, लाइन बंद नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सब-स्टेशनों की निगरानी थर्मोविजन कैमरा से होगी, उपकरण भी रहेंगे सुरक्षित

मानसून के दौरान आसमान से गिरने वाली बिजली अब रेलवे की रफ्तार में रोड़ा नहीं बनेगी। बिजली गिरने से ओएचई, ओवरहेड इक्विपमेंट लाइन ट्रिप हो जाती थी और ट्रेनें कहीं भी खड़ी हो जाती थीं। अब रेलवे इस समस्या का स्थायी समाधान करने जा रहा है। सभी जोन रेलवे डिस्कनेक्टर असेंबली प्रणाली को लागू करने जा रहे हैं। यह आधुनिक सिस्टम बिजली गिरने पर खराब हुए लाइटनिंग अरेस्टर उपकरण को पलक झपकते ही मुख्य चालू लाइन से अलग कर देगा। इससे पूरी बिजली लाइन ट्रिप नहीं होगी और न ही सब-स्टेशनों को कोई नुकसान पहुंचेगा। इससे ट्रेनों का परिचालन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। 30 जून तक देश के सभी तकनीकी विभागों और मुख्य बिजली इंजीनियरों से जरूरी सुझाव व आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद इस आधुनिक सुरक्षा प्रणाली को पूरे देश के रेल नेटवर्क में लागू कर दिया जाएगा उपकरण इस तरह करता है कार्य रेलवे डिस्कनेक्टर असेंबली 25 केवी ट्रैक्शन विद्युत प्रणाली का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्युत लाइन या उपकरण को सुरक्षित रूप से विद्युत स्त्रोत से अलग करना है। यह स्वयं फॉल्ट करंट या लोड करंट को बाधित नहीं करता, बल्कि सर्किट ब्रेकर के साथ मिलकर कार्य करता है। रखरखाव, निरीक्षण, आपातकालीन परिस्थितियों और विद्युत नेटवर्क के नियंत्रण में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दृश्य पृथक्करण प्रदान करने के कारण यह रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और सम्पूर्ण ट्रैक्शन प्रणाली की विश्वसनीयता एवं कार्यकुशलता को बढ़ाता है। यही कारण है कि आधुनिक रेलवे विद्युत प्रणाली में डिस्कनेक्टर असेंबली को सुरक्षा और संचालन का एक अनिवार्य अंग माना जाता है।

### थर्मोविजन कैमरा तकनीक को अनिवार्य करने की तैयारी

*पहले लाइटनिंग अरेस्टर के पंक्चर होने पर कई किलोमीटर तक बिजली गुल हो जाती थी। ट्रेनें रुक जाती थीं। रेलवे अब उपकरणों की तकनीकी खराबी को पकड़ने के लिए पहली बार अत्याधुनिक थर्मोविजन कैमरा तकनीक को अनिवार्य करने जा रहा है। थर्मल इमेजिंग तकनीक विशेष कैमरे की मदद से हर तीन महीने में बिजली सब-स्टेशनों की जांच होगी। यदि कोई उपकरण अंदरूनी तौर पर जरूरत से ज्यादा गर्म हो रहा होगा, तो उसके पूरी तरह खराब होने या ब्लास्ट होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे पहले ही बदल दिया जाएगा।*

# हितग्राहियों के आवेदनों पर बैंक एक माह के भीतर सभी प्रक्रिया पूरा कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत हितग्राहियों से प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों पर बैंक सभी प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूर्ण करें। इसमें बैंको के द्वारा अनावश्यक विलम्ब या लापरवाही न हो। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक के दौरान बैंक अधिकारियो को यह निर्देश दिये।कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि योजना के तहत बैंकों को आवेदन प्राप्त होने पर यदि 15 दिन के अंदर हितग्राही बैंक नहीं आते तब ऐसे समस्त हितग्राहियों की सूची तत्काल सीएसपीडीसीएल एवं वेंडरो को उपलब्ध कराएं ताकि हितग्राहियों को सूचित एवं उनसे समन्वय कर समय पर बैक में उपस्थित कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है इसके क्रियान्वयन में किसी तरह की कहीं पर बाधा न आये। उन्होंने बैंकों के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि बैंकों में लंबित एवं निरस्त आवेदन की संख्या में कमी लाएं।आवेदन निरस्त करने पर उसका वैध कारण भी बताएं। अनावश्यक हितग्राहियों को परेशान करने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोन स्वीकृत होते ही राशि का भुगतान तत्काल हितग्राही के लोन खाते में कर दिया जाए।

## आवेदन निरस्त करने पर बताना होग़ा वैध कारण, रूचि नहीं लेने वाले वेंडर होंगे ब्लैक लिस्टेड

### आउट रीच पार्टनर के रूप में वेंडरो की करेंगे सहायता

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये सोलर पैनल स्थापना में वेंडरों की सहायता के लिये स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्म निर्भर सोलर दीदी के रूप में नामित कर आउट रीच पार्टनर का काम दिया जाएगा। इसके लिये सभी जनपदों के 5-5 ग्राम पंचायतों के स्व सहायता समूह को आउट रीच पार्टनर हेतु चिन्हांकित करने कहा। महिला समूहों को उनके कार्य के एवंज में वेंडर द्वारा मानदेय दिया जाएगा।



### वेंडरों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर ने सोलर पैनल स्थापना में कुछ वेंडरों के द्वारा बिल्कुल भी रूचि नहीं लेने पर उन्हें ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया. उन्होंने जनपदवार टॉप 10 एवं टॉप 20 बेहतर काम करने वाले वेंडर की सूची तैयर करने तथा उस सूची को जनपद एवं ग्राम पंचायत में चस्पा करने कहा ताकि हितग्राही अच्छे काम करने वाले वेंडर का चयन कर सकें। इस दौरान उन्होंने वेंडरों की समस्याएं भी सुनी और उसे दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस वर्ष जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिये विद्युत संभागवार एवं उप संभागवार अधिकारियो को लक्ष्य देने कहा।

## खबर संक्षेप

### घिरघोल में सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव कल

**पलारी।** समीपस्थ ग्राम घिरघोल में ज्येष्ठ अमावस्या रविवार 14 जून को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। पूर्णिमा व्रत समिति और आमीन माता महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित समारोह में जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र साहू मुख्य अतिथि, जनपद सदस्य व ग्राम पंचायत प्रतिनिधिगण विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अपराह्न में स्थानीय कबीर आश्रम में पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस दौरान दीवान विश्राम साहेब स्मृति सद्ग्रंथ भजनोपदेशक मंडली घिरघोल दतान द्वारा कबीर अवतरण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक मंडल ने आसपास के ग्रामों के कबीर पंथियों और श्रद्धालुओं से समारोह में अधिकाधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है।

### तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर 18 से 20 जून तक

**बलौदाबाजार** । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में /"विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के/" कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त स्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राजस्व अनुविभाग स्तर पर 3 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।शिविर 18 जून से से 20 जून तक चलेगा।बृहद पंजीकरण शिविर अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही की जाएगी।
शिविर के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अनुविभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।बलौदाबाजार अनुभाग हेतु एसडीएम प्रकाशचंद्र कोरी,भाटापारा अनुभाग हेतु एसडीएम श्यामा पटेल, अनुभाग सिमगा हेतु एसडीएम अतुल शेट्टे, अनुभाग पलारी हेतु एसडीएम दीपक निकुंज, अनुभाग कसडोल एवं गिरौद हेतु एसडीएम आर. आर दुबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बलौदाबाजार पहुंचे

# स्व. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, कार्यकर्ताओं से की भेंट-मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी. एस. सिंहदेव का गुरुवार को भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार आगमन हुआ। उनके आगमन पर मगरचाबा चौक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।अपने प्रवास के दौरान श्री सिंहदेव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय शुक्ल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वर्गीय शुक्ल के राजनीतिक, सामाजिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया।इसके पश्चात श्री सिंहदेव ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों के निवासों पर पहुंचकर आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों का हालचाल जाना, उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा सामाजिक और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



दिनभर की व्यस्तता के बीच उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसजन विद्याभूषण शुक्ल, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, राकेश वैष्णव, जनकराम वर्मा, कालिंदी वर्मा, पद्मेश्वरी साहू, तुलसीराम वर्मा, रामकुमार साहू (छाला साहू), प्रवीण सेन,दीपक साहू, दिनेश यादव, सलमान शेख, जुगल भट्टर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के घर पहुंचकर उनसे भेंट की।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान श्री सिंहदेव जिला अधिवक्ता संघ, बलौदा बाजार भी पहुंचे, जहां उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद कर न्यायिक व्यवस्था, सामाजिक सरोकारों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भी अपने सुझाव एवं विचार उनके समक्ष रखे।श्री सिंहदेव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती, जनसंपर्क तथा जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं का जनता से निरंतर संपर्क लोकतंत्र को मजबूत बनाता है।उल्लेखनीय है कि श्री टी. एस. सिंहदेव का यह दौरा किसी राजनीतिक सभा, चुनावी कार्यक्रम अथवा संगठनात्मक अभियान का हिस्सा नहीं था, बल्कि वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों से आत्मीय भेंट-मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जानने तथा सामाजिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित यात्रा थी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

### सिमगा ब्लॉक में कांग्रेस ने मनायी विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि



सिमगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा झीरम घाटी में शहीद हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में स्व. विद्याचरण शुक्ल के राजनीतिक जीवन, जनसेवा एवं कांग्रेस संगठन के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. शुक्ल का जीवन कांग्रेस की विचारधारा, जनसेवा और संघर्ष का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी हमला में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा तथा उनके आदर्श कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पार्षद मो याकूब, जिला कांग्रेस महामंत्री राजा तिवारी, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, ब्लॉक सचिव यश शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सोनू भोसले, लल्लू पाटकर, रोशन साहू, मुंशी एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# भरसेली में उपभोक्ता आयोग का जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार गुरूवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भरसेली के पंचायत भवन में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है।उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

जागरूकता शिविर में आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, धीरज दुबे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शारिक खान, सचिव गणेश शंकर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के उपाध्यक्ष भास्कर प्रसाद साहू, सरपंच हेमकुमार वर्मा, सचिव वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं पंच गण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन सुनवाई की दी गई जानकारी

ग्रामीणों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-जागृति एवं ई हियरिंग से उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।उपभोक्ता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियो के द्वारा उपभोक्ता कानूनों तथा ई-फाइलिंग व ई-हियरिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।शिविर में रेस्क्यू पर्सन के रूप में अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी ने उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर की सराहना करते हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा सम्बंधित प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

# जिपं अध्यक्ष आकांक्षा का जन्मदिन सादगी और उल्लास के साथ मना



**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन, बलौदाबाजार में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर श्रीमती जायसवाल का कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे-बाजे, पुष्पवर्षा एवं भव्य आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। नगर भवन परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति कार्यक्रम की विशेषता रही।समारोह के दौरान सुप्रसिद्ध लोक कलाकार गंगा साहू एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम "लोक बयार मोरध्वज नगरी आरंग लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। गंगा साहू के मधुर लोकगीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा दर्शक देर तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। एवं समस्त ग्रामीणजनों के लिए भोजन व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, सरपंचों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीमती आकांक्षा जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं गजमाला भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, अदिति बाघमार, सत्यभामा साहू, सरिता जायसवाल, संजय श्रीवास, अमितेश नेताम, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्रामीणजन, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा सिविल लाइन दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा 'गोलू' जायसवाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ब्लॉक स्तरीय समाज गौरव सम्मान से कलाकार, समाजसेवी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

छत्तीसगढ़ जन जागृति लोक कलाकार के तत्वावधान में लवन में ब्लॉक स्तरीय समाज गौरव सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेशाध्यक्ष विनोद बर्मन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम में समाज, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों, समाजसेवियों, पत्रकारों, चिकित्सकों एवं शिक्षकों को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।सम्मान प्राप्त करने वालों में अमृतलाल कुर्रे, आर.के. साहू, हिंग्सा अनंत, राजू बार्बे, विश्वजीत बार्बे, डॉ. टी.आर. साहू, हरप्रसाद बार्बे, रमेश बंछोर, धर्मेंद्र अनंत, डॉ. आशा राणा एवं डॉ. किशोर राणा प्रमुख रूप से शामिल रहे।



इस अवसर पर वक्ताओं ने लोककला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनता है।

प्रदेशाध्यक्ष विनोद बर्मन ने कहा कि कलाकार और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभाशाली लोग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके योगदान को सम्मानित करना संगठन का दायित्व है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलाकार, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फिंगरप्रिंट साक्ष्यों के संरक्षण और तकनीक पर पुलिस कर्मियों ने लिया प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में एक दिवसीय फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

प्रातः 11 बजे आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालय से चयनित लगभग 50 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में रेंज फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं उप पुलिस अधीक्षक राकेश नरवरे ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर पुलिस बल को फिंगरप्रिंट से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान श्री नरवरे ने बताया कि किसी भी आपराधिक घटना के अनावरण में फिंगरप्रिंट सबसे विश्वसनीय और अचूक वैज्ञानिक साक्ष्य माना जाता है। उन्होंने घटनास्थल पर मिलने वाले अदृश्य अथवा आंशिक उंगलियों के निशानों (चांस प्रिंट) को सुरक्षित रखने तथा उन्हें वैज्ञानिक तरीके से लिफ्ट (एकत्र) करने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिससे न्यायालय में साक्ष्यों की वैधानिक स्वीकार्यता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यशाला के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में सभी विवेचकों एवं पुलिस कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी अपराध स्थल पर पहुंचने के बाद प्राथमिकता के आधार पर फिंगरप्रिंट सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों को सुरक्षित करें, ताकि अपराधियों के विरुद्ध मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत कर उन्हें कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जा सके।

### तकनीक से अपराधियों की पहचान होगी आसान

कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली की कार्यप्रणाली पर विशेष व्याख्यान दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि इस आधुनिक राष्ट्रीय डेटाबेस के माध्यम से स्थानीय एवं अंतरराज्यीय अपराधियों के फिंगरप्रिंट का मिलान देशभर के रिकॉर्ड से कम समय में किया जा सकता है, जिससे अपराध अनुसंधान में तेजी और सटीकता आएगी। इसके अलावा, गिरफ्तार किए गए अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के मानक फिंगरप्रिंट स्लिप तैयार करने तथा उन्हें प्रणाली में अपलोड करने की प्रक्रिया का भी सजीव प्रदर्शन किया गया। साथ ही के महत्व और पुलिस अनुसंधान में उनकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## पेज 11 के शेष

### सीएम हेल्पलाइन से...

का प्रशासन पर भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1076 पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, सुझाव दे सकेंगे तथा शासन की योजनाओं और सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी साझा कर सकेंगे। सीएम हेल्पलाइन प्रणाली 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित है।

### सरकारी जमीन पर...

भूमि पर अवैध कब्जा कर प्रधानमंत्री आवास के तहत घर निर्माण कर कब्जा किया गया है इसके अवाला गाँव के निस्तारी के लिए सुरक्षित भूमि खसरा नं 699 रकबा 0.029 हे. भूमि पर धान का फसल बोया गया है। जो कि पंचायती राज अधिनियम 1993 के धारा 40 के तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधि या परिवार के सदस्यों द्वारा बेजा कब्जा किया जाना अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है और शासन से इस पूरे मामले की जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।

### प्लांट में ड्राइवर...

मानिकपुरी सीमेंट लोड करने के लिए जिले के ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट प्लांट में घुसा था। उसे अंदर गए दो दिन बीत चुके थे, तभी अचानक उसकी मौत की खबर सामने आई। प्लांट प्रबंधन का तर्क है कि मौत शराब पीने से हुई है, लेकिन इसी तर्क ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का सीधा सवाल है कि सीमेंट प्लांट के भीतर शराब की एंट्री कैसे हुई? साथ ही, परिजनों को जानकारी दिए बिना आनन-फानन में कार्रवाई क्यों की गई? इन्हीं सवालों ने परिजनों के शक को गहरा कर दिया है। मृतक ट्रक ड्राइवर संतोष मानिकपुरी सीमेंट लोड करने के लिए ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट प्लांट में घुसा था। उसे अंदर गए दो दिन बीत चुके थे, तभी अचानक उसकी मौत की खबर सामने आई।

उक्त घटना पर प्लांट प्रबंधन का तर्क है कि मौत शराब पीने से हुई है, लेकिन इसी तर्क ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का सीधा सवाल है कि सीमेंट प्लांट के भीतर शराब की एंट्री कैसे हुई? साथ ही, परिजनों को जानकारी दिए बिना आनन-फानन में कार्रवाई क्यों की गई? इन्हीं सवालों ने परिजनों के शक को गहरा कर दिया है।कहना है कि प्लांट के अंदर ड्राइवरों के लिए न तो पीने के साफ पानी की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा का कोई इंतजाम है। प्रबंधन की बेरुखी और अपनों को खोने के गम से आक्रोशित परिजनों और ड्राइवर यूनियन ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि वे दो दिन बाद ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र के मेन गेट के सामने विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे।

### हीरातारा स्मृति प्रतिभा...

कांग्रेस, नरेश वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलारी,सिखारानी कोसले प्राचार्य सेजेस पलारी, राकेश तिवारी प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर एवं भुनेश्वर वर्मा प्राचार्य सर्वहितकरणी विद्यालय के आतिथ्य में संपन्न होगा।आयोजक गोपी साहू ने बताया कि हीरातारा स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से नगर के मेधावी विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया जाएगा। यह आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, आत्मविश्वास एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, समाजसेवी, पार्षदगण,अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।उक्त जानकारी पिंटू वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत पलारी ने दी ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ...

संस्थान, स्थानीय निकाय, स्वायत्तशासी संस्थाएं, सार्वजनिक उपक्रम, योग संस्थान एवं सामुदायिक संगठन दिनांक 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों के लिए पंजीयन एवं कार्यक्रम उपरांत विवरण एवं फोटोग्राफ अपलोड किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दो गांजा तस्करों को 10-10 साल कैद, जुर्माना भी

**रायपुर।** गंज तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के दो अलग-अलग प्रकरण में विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट ने दो आरोपियों को 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार, कोर्ट ने मूलतः केरल निवासी दिनेश ए. लाल तथा मध्यप्रदेश के सजन गुप्ता को कैद एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। दिनेश को गंज थाने की पुलिस ने 25 मई 2025 को तेलघानी नाका के पास साढ़े 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। सजन तथा उसके एक अन्य साथी सन्नी अरोरा को टिकरापारा पुलिस ने 16 जनवरी 2024 को इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास 14 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने पर सन्नी पुलिस को चकमा देकर भाग गया, जिसे कोर्ट ने फरार घोषित किया है।

### बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी का छापा

**रायपुर।** अभनपुर, कोलर स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की टीम ने छापे की कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय अधिकारी पिछले 2 से 3 दिनों से फैक्ट्री और उससे जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पड़ताल में उक्त बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी ने 90 लाख रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी है। छापे को लेकर जीएसटी ने अब तक कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। आने वाले दिनों में जीएसटी के अफसर टैक्स चोरी को लेकर अहम खुलासा कर सकते हैं।

### पार्किंग में खड़ी एक्टिवा से ईयरपॉड चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक कारोबारी ने पार्किंग के कर्मचारी के खिलाफ एक्टिवा की डिक्की से महंगे ईयर पॉड चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। राठौर चौक निवासी अक्षत अग्रवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अक्षत ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि वह अग्रसेन धाम स्थित जामावाड़ा रेस्टोरेंट में गया था। अक्षत ने वैले पार्किंग में एक्टिवा पार्क करने कर्मी को अपनी गाड़ी दी। अक्षत ने आरोप लगाया है कि पार्किंग कर्मी ने डिक्की के अंदर रखे 25 हजार रुपए कीमत के ईयर पॉड चोरी कर अपने पास रख लिए।

### पुलिस कमिश्नर ने महिला हिस्ट्रीशीटर को किया तड़ीपार

रायपुर । संगीन अपराध तथा मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस कमिश्नरेट में लगातार कार्रवाई जारी है। मादक पदार्थों में संलिप्त तस्करों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई करने के साथ ही बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किसी महिला हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। जिस महिला बदमाश के खिलाफ पुलिस कमिश्नर ने जिलाबदर करने आदेश जारी किया है, उस बदमाश को रायपुर जिला सहित सीमा से सटे आधा दर्जन जिलों में निषेध किया है। पुलिस कमिश्नर ने मौदहापारा थाना क्षेत्र की हिस्ट्रीशीटर मुस्कान रात्रे को जिलाबदर करने आदेश जारी किया है।

## निधन

### हाजी सैय्यद शौकत अली

**सिमगा।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली के नाना ससुर हाजी सैय्यद शौकत अली के आकस्मिक निधन पर सिमगा मुस्लिम समाज ने शोक जताया है।



मुस्लिम जमात सिमगा ईमाम बाड़ा में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत हाजी सैय्यद शौकत अली को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों में रज्जाक अली, सज्जाद अली, गफ्फार अली, रहमत अली, असलम अली, मुस्ताक अली, हाजी रहमान शाह, नूर अली, कौसर अली, ताहिर अली, सिद्दीक अली, सादिक अली, सोहेल अली, सौफ अली, रिजवान अली, मोहसिन अली, दानिस अली, रेहान शाह, अनस अली, तौहीद अली, आदि शामिल हुए।

# कृषि कॉलेज की छात्रा ने कचलोन नर्सरी का किया शैक्षणिक भ्रमण

## पौध प्रवर्धन से रोग नियंत्रण तक, छात्रा ने समझीं कृषि की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा, दुर्ग की बी.एससी. कृषि चतुर्थ वर्ष की छात्रा लक्ष्मी साहू ने कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत सिमगा समीपस्थ ग्राम कचलोन के नर्सरी का भ्रमण कर नर्सरी प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नर्सरी संचालक अमन राठौर से मुलाकात कर पौध उत्पादन, रोग प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था एवं विपणन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। राठौर ने बताया कि उनकी नर्सरी की स्थापना लगभग 10 वर्ष पूर्व की गई थी जो 10 एकड़ क्षेत्र में संचालित है। नर्सरी तैयार करने के लिए सबसे पहले उपयुक्त स्थान का चयन जल निकासी तथा सिंचाई के साधन उपलब्ध हो। इस नर्सरी में फलदार, फूलदार, सब्जी एवं सजावटी पौधों का उत्पादन किया जाता है। नर्सरी में आम, जामुन, अमरूद, कटहल तथा सीताफल जैसे फलदार पौधों के लगभग 1000 पौधे तैयार किए जाते हैं।आम के पौधों का प्रवर्धन ग्राफ्टिंग विधि द्वारा तथा अमरूद के पौधों का प्रवर्धन लेयरिंग विधि से किया जाता है। इसके अतिरिक्त गेंदा, गुलाब तथा अन्य आकर्षक फूलों वाले पौधों का भी उत्पादन किया जाता है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए टमाटर, मिर्च, बैंगन एवं गोभी की पौध भी बड़े पैमाने पर तैयार कर विक्रय की जाती है।



### छात्रा ने सीखी पौध प्रबंधन और कृषि उद्यमिता की बारीकिया

साथ ही विभिन्न प्रकार के सजावटी पौधे भी उगाए जाते हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग रहती है। राठौर ने बताया कि पौध उत्पादन के लिए बीज एवं छोटे पौधे रायपुर, पुणे तथा स्थानीय कृषि केंद्रों से मंगाए जाते हैं। पौधों में एन्थ्रेक्नोज तथा गुलाब में ब्लैक स्पॉट एवं पाउडरी मिल्ड्यू जैसी बीमारियां देखने को मिलती हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रा लक्ष्मी साहू को नर्सरी प्रबंधन, पौध प्रवर्धन तकनीक, रोग एवं कीट नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन तथा कृषि उद्यमिता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त हुईं। यह अनुभव उनके कृषि शिक्षा एवं भविष्य के व्यावसायिक जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

## जनहित : गोधन और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की भी तैयारी

# रिंगनी में स्थापित की अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

एपीएल अपोलो के प्रबंधक संतोष राय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शासन-प्रशासन एवं आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप ग्राम पंचायत रिंगनी में सुदेश गुप्ता ज्ञान केंद्र के नाम से सर्वसुविधायुक्त तकनीकी ई-लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है।

- युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की पहल**
- स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन से प्रेरित है ज्ञान केंद्र

आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए समर्पित है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं एपीएल अपोलो प्रबंधन के बीच चर्चा हुई थी जिसमें क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों तथा नई इकाइयों की स्थापना पर विचार-विमर्श किया गया था। इसी क्रम में रिंगनी-डोंगरिया क्षेत्र स्थित वर्तमान संयंत्र के विस्तार की योजना भी बनाई गई है।

स्वामी विवेकानंद का कथन कि शिक्षा मनुष्य में निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है को केंद्र में रखते हुए एपीएल अपोलो फाउंडेशन द्वारा /"सुदेश गुप्ता ज्ञान केंद्र/" ई-लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधुनिक संसाधनों का लाभ मिल सके।





### 15 करोड़ की लागत से प्रस्तावित है आधुनिक अस्पताल

पशुओं के इलाज हेतु आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। निकट भविष्य में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से रिंगनी एवं केसदा के मध्य एक विशेष अस्पताल का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस अस्पताल में दुर्घटना पीड़ितों के उपचार हेतु ट्रॉमा यूनिट की स्थापना की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### 150 एकड़ से अधिक क्षेत्र में किया जा रहा व्यापक वृक्षारोपण

पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उन्होंने बताया कि एपीएल अपोलो प्रबंधन द्वारा संयंत्र परिसर में लगभग 150 एकड़ से अधिक भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य पिछले कुछ वर्षों से किया जा रहा है, जो अब पूर्णता की ओर है। संयंत्र की प्रत्येक इकाई के आसपास भूमि सुरक्षित कर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। उपचार की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध होंगे आधुनिक संसाधन

उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे व्यापम, आईएएस, आईपीएस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो सकेंगे। इसके साथ ही स्वर्गीय सरपंच बेदूराम वर्मा की स्मृति में एक स्वागत द्वार का भी निर्माण कराया गया है। राय ने बताया कि क्षेत्र में आवारा एवं पालतू पशुओं की समस्या को देखते हुए गोधन संरक्षण के लिए भूमि सुरक्षित कर सर्व सुविधायुक्त गौठान का निर्माण कार्य भी जारी है। इसमें रिंगनी, डोंगरिया सहित आसपास के गांवों के पशुओं के संरक्षण, सुरक्षा एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

## आदिवासी परिवार अब भी मूलभूत सुविधाओं के इंतजार में

**बंगोली।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बंगोली में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों के बीच असंतोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन आज भी कई जरूरतमंद परिवार मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम बंगोली में निवासरत कुछ आदिवासी परिवार आज भी कच्चे खपरैल मकानों में जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाया है, जिससे कमजोर एवं वंचित वर्ग के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

- धरसींवा क्षेत्र में विकास के दावों पर उठे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में विकास कार्य मुख्य रूप से भवन निर्माण एवं सीसी रोड तक सीमित दिखाई देते हैं, जबकि शिक्षा, आवास, रोजगार, पेयजल तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अपेक्षित कार्य नहीं हो पाए हैं। उनका मानना है कि वास्तविक विकास तभी माना जाएगा जब गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कमजोर वर्ग के जीवन स्तर में सुधार हो।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने गांव की वास्तविक समस्याओं और अधूरे विकास कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए शासन-प्रशासन से आवश्यक पहल करने की मांग की।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पात्र आदिवासी एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# युवा कांग्रेस ने विधायक इंद्र साव से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रत्याशी हीरेंद्र कोसले की अगुवाई में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान युवा कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक युवाओं को सदस्यता अभियान से जोड़ने तथा संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक विस्तार देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी हितेश साहू ने विधायक इंद्र साव से कहा कि युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और संगठन को मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुलाकात के दौरान युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, नए नेतृत्व को आगे लाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू, अगेश जांगड़े, चेतन सेन सहित अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा नेताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# पलारी में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे का पलारी आगमन पर छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम राय गुरुजी अभिषेक महोबे, दयाराम ध्रुव मंतराम वर्मा, छन्नू वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। स्वागत समारोह लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पलारी में आयोजित हुआ।

संघ के पदाधिकारियों ने श्री शर्मा को साल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया और जिले की शिक्षा व्यवस्था में सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष विक्रम राय गुरुजी ने कहा कि नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा के अनुभव और मार्गदर्शन से जिले के संकुल समन्वयकों और शिक्षको को नई दिशा मिलेगी। संघ की ओर से हम शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और शिक्षक-कर्मचारी हितों के मुद्दों पर सकारात्मक संवाद के लिए सदैव तत्पर हैं।

स्वागत से अभिभूत श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग और संकुल समन्वयक और शिक्षक संघ मिलकर बच्चों के भविष्य और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलजुलकर काम करेंगे।

**ये रहे उपस्थित :** स्वागत कार्यक्रम में विक्रम राय गुरुजी प्रांताध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता प्रांताध्यक्ष छग संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ, अभिषेक महोबे ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षक कल्याण सेवी संघ, मंत राम वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षक संघ, दयाराम ध्रुव जिला पदाधिकारी सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, छन्नू वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष छग संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ, छन्नू ध्रुव ब्लॉक सचिव, विश्वनाथ माण्डले,भानु ध्रुव, तुलसी डहरिया,कृष्णकुमार फेकर, अजय रात्रे, डिगेश्वर सरसीहा, डिगेश चंद्राकर सहित जिला संकुल स्तरीय पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पौंसरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम पौंसरी में पानी टंकी, किसान कुटीर लोकार्पण एवं सी सी रोड शौचालय नाली पेवर ब्लाक निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा और अन्य अतिथि सरपंच चंद्रमणि साहू की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि आपका पंचायत पौंसरी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम में शामिल हो गया है। इन पांच वर्षों में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य होंगे। इसका श्रेय किसी को जाता है तो वह भाजपा को, क्योंकि आपके ग्राम में चाहे सोसायटी खोलने, सी सी रोड, पानी टंकी, सामाजिक भवन, नाली निर्माण आदि भाजपा के शासन काल में ही हुआ है। साथ ही भाटापारा शाखा नहर में पानी लाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी हमारे भाजपा सरकार में ही हुआ। इसके चलते आज 60 हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि की सिंचाई हो रही है। विकास कार्यों के साथ साथ ही कई जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो या महतारी वंदन योजना, या फिर किसान सम्मान निधि योजना हो। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा आज एक साथ चार पांच कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हो रहा है। आज हमारे नेता किसी पद में नहीं होते हुए भी छोटे से छोटे ग्राम में भी विकास के कार्य करा रहे हैं । जिससे उनकी सक्रियता साफ साफ दिखाई देती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम के सरपंच चंद्रमणि साहू मंडल, अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जिलापंचायत सभापति शशि आनंद बंजारे, अभिजीत अवस्थी, मंडल महामंत्री छोटू यादव, राहुल साहू, परस पाटकर, परस साहू, चंदू साहू, छगन नायक, रामजी साहू, लांजा सरपंच ओमप्रकाश बंजारे, प्रशांत देवांगन आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न समाजों के प्रमुख हुए शामिल

# सामाजिक सद्भाव बैठक में सामाजिक उत्थान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





नगर अंतर्गत स्वामी आत्मानन्द विद्यालय आडिटोरियम में सामाजिक सद्भाव समिति के तत्वावधान में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता रायपुर विभाग के विभाग कार्यवाह बलराम यदु थे। उक्त बैठक में कसडोल खण्ड के सभी समाज के प्रमुख जन शामिल हुए, सामाजिक पदाधिकारी के इस बैठक में सभी समाज प्रमुखों ने अपने अपने समाज के अनुकरणीय कार्यो को सबके सम्मुख रखा।

गौरतलब है कि सभी समाज में अनेक ऐसे कार्य होते हैं जो एक दूसरे समाज के लिए अनुकरणीय हो सकते हैं, किंतु उनकी प्रकिया को साझा एक साथ बैठकर किया जा सकता है, जिस ओर सभी समाज का ध्यान आकर्षण हो और समाज एक गति में बढ़े। आज समाज में वैमन्यस्ता को भुलाकर एक साथ चलकर समाज को सुदृण बनाकर चलने की आवश्यकता है। बैठक में कैवर्त समाज, साहू समाज, वर्मा समाज, पटेल समाज, आदिवासी समाज, मानिकपुरी समाज, ब्राह्मण समाज, सतनामी समाज, यादव समाज, निषाद समाज, कलार समाज, मराठा समाज, गोस्वामी समाज, वैष्णव समाज जैसे विभिन्न समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी समाज प्रमुखों के साथ साथ खण्ड के सामाजिक कार्यकर्ता विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का मंच संचालन राजेन्द्र एवं आभार प्रदर्शन हरदयाल द्वारा किया गया।

### समाज को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने का आह्वान

बैठक मे मुख्य वक्ता श्री यदु ने बताया है कि आज भारत मे समाजो को तोड़ने सैकड़ो संगठन इस भाव से कार्य कर रहे है कि समाज टूटे और समाज मे देश के प्रति वैमनस्यता आये ताकि उनका स्वार्थ सिद्ध हो सके इसके लिए समाज को आमने सामने लड़ाने अनेक कंटेंट समाज में प्रसारित करते है जिससे समाजो में टकराव की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है जिसे दूर करके समाजो के बीच समाजिक सद्भाव बना रहे और ऐसे तोड़ने वाली शक्ति को जवाब दे सके इसलिए ऐसे बैठकों का होना अति आवश्यक है। हमारे अधिकार को प्रयोग में लेकर हमारा हित प्रभावित करते है समाज में पर्यावरण की चिंता करते हुए बताया कि यदि समाज ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बीड़ा उठा लिया तो यकीन मानिए देश राज्य हराभरा होने से कोई नही रोक सकता बैठक में अनेक विषयो पर विस्तृत चर्चा सम्पन्न हुई।

# कार्यकर्ताओं का प्यार ही मेरी पूंजी है : गिरीश



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन के भाटापारा पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, सत्यनारायण ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष नपाप अजय ठाकुर, पुनीत मानिकपुरी,पूर्व छ. ग. सिंधी अकादमी सदस्य रौशन हबलानी आदि ने जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर गिरीश देवांगन ने कहा कि तपती दोपहरी में जमीनी कांग्रेसजनों द्वारा आत्मीय स्वागत मेरी संघर्षों की पहचान है और कॉँग्रेस कार्यकर्ताओं का प्यार ही मेरी पूंजी है। इस प्यार रूपी पूंजी को मैं जीवन भर नहीं भूलूँगा। आपके सुख और दुख के साथ आपके संघर्षों में सदेव साथ रहूंगा। आप सभी एक जुटता के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करते रहे। एकता में ही शक्ति है और आपकी शक्ति ही हमारा संबल है। इसके बाद वे देवांगन शहर में अपने निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए।